टीएल बैठक में समय-सीमा पत्रों और शासकीय योजनाओं की समीक्षा

लापरवाह अधिकारियों को कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत

विकास कार्यों और जनहितैषी योजनाओं पर रहा मुख्य फोकस

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों एवं शासकीय जन-कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, भू-अर्जन मामलों और पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन और जन-शिकायतों के निवारण में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही लापरवाहों पर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल वेटलैंड कम्प्लायंस और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा करते हुए जिले को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के निर्देश दिए। वहीं, जिले की महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग और केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत चल रहे भू-अर्जन (भूमि अधिग्रहण) के कार्यों की गति तेज करने को कहा, ताकि परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सके।

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना, फार्मर रजिस्ट्री और ई-विकास पोर्टल के माध्यम से खाद वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए छिर धारा ग्राम योजना और वनवासियों के हक में वन अधिकार पट्टे के वितरण की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। न्यायालयीन प्रकरणों और अवमानना मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शासन का पक्ष मजबूती और समय सीमा के भीतर कोर्ट में रखा जाए। इसके अलावा, जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियों, पीएम आवास योजना, पीएमडीकेवाई, आयुष्मान भारत योजना तथा डीएमएफ/डीएटीसीसी की बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन की विस्तृत समीक्षा की गई।

इनकी रही मौजूदगी

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टरशिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटोरिया, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, अंजली शर्मा एवं निशांत भूरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी शासकीय कार्यों को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 70 स्कूली बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री

नवभारत न्यूज
जतारा।

ग्राम पंचायत बैरवार में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बंदरगुड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट साक्षी की उपस्थिति में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी 70 विद्यार्थियों को आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के प्रति प्रेरित करना रहा। इसके लिए पूर्व में ग्राम में मुनादी कराकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी दी गई थी, जिससे सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। यह पहल बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रही।

ग्राम पंचायत बैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह दांगी के द्वारा बंदरगुड़ा प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए पेन, कॉपी, स्कूल बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था कर सभी 70 बच्चों को वितरित की गई। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बच्चों को न्यायिक व्यवस्था एवं कानूनों की बुनियादी जानकारी देते हुए उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया और बच्चों ने भी उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में बेहतर प्रदर्शन कर पाया देश में 5वां स्थान

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़ । शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में जिले ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश में 5वाँ तथा मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार द्वारा जारी मई 2026 की राष्ट्रीय रैंकिंग में यह उपलब्धि जिले द्वारा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, सतत मॉनिटरिंग तथा विभागों के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत कृषि एवं कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों, जैसे कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, ग्रामीण विकास, जलग्रहण विकास, भूमि अभिलेख आदि की प्रमुख योजनाओं एवं उपलब्धियों को एकीकृत डिजिटल डैशबोर्ड पर लाया गया है। इस डैशबोर्ड के माध्यम से कलेक्टर द्वारा प्रत्येक विभाग की नियमित समीक्षा की जाती है तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कलेक्टर को समग्र रूप से उत्तरदायी बनाया गया है।

टीकमगढ़ जिले की यह उपलब्धि सभी संबंधित विभागों, कृषि विज्ञान केंद्र, मैदानी कर्मचारी, सहकारी संस्थाओं एवं जिले के किसानों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, कृषि विज्ञान केंद्र, सहकारी संस्थाओं एवं जिले के किसानों को दिया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विभागों के बेहतर समन्वय, नोडल अधिकारी की नियमित समीक्षा, टीमवर्क एवं परिणाम आधारित कार्य प्रणाली का प्रतिफल है।

विधिक जागरुकता कार्यक्रम जारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ओरछा, ग्राम मुंदरई एवं ग्राम छारद्वारी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ एवं अनुज कुमार चंसौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा उक्त कार्यकमों छात्र-छात्राओं, महिलाओं एवं जन सामान्य को पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यौन अपराधों की जानकारी दी गई।

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित, लोगों ने उठाया लाभ

नवभारत न्यूज

पलेरा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, प्रखंड पलेरा द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को शासकीय महाविद्यालय पलेरा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरवासियों, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान लोगों के ब्लड ग्रुप, रक्तचाप एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया। स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रोगों की रोकथाम, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी जानकारी दी गई।

विश्व हिंदू परिषदङ्कबजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और जनसेवा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संगठन का मूल संदेश नर सेवा ही नारायण सेवा है और इसी भावना के साथ आगे भी जनहित के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

जिला स्तर पर प्रकोष्ठ का हुआ गठन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गठित यह विशेष प्रकोष्ठ आगामी एक वर्ष तक जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

संकल्प के साथ मनाया गया नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज
नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण विकास का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधक राम अवतार पांडे ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की चरी - निवावरी परियोजना के तहत किसानों के खेतों में तालाब निर्माण, सोलर पंप, स्प्रिंकलर, मेढ़ बंधान, वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों और जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया है, जबकि बखतपुरा परियोजना में भी जल संरक्षण एवं कृषि विकास से जुड़े कई कार्य सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

बरसात को लेकर मत्स्य शिकार पर प्रतिबंध

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

अजनौर के अमर सिंह व उनकी टीम ने 5 साल में बचाई हजारों सांपों की जान

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। बरसात का मौसम शुरू होते ही जिले में सांपों के बिलों से बाहर निकलने और रिहायशी क्षेत्रों में पहुंचने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

ऐसे समय में जहां अधिकांश लोग डर या अंधविश्वास के कारण सांप को मार देते हैं, वहीं टीकमगढ़ जनपद के ग्राम अजनौर निवासी अमर सिंह राजपूत और उनकी टीम पिछले पांच वर्षों से सांपों को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है। उनकी इस पहल से अब तक हजारों सांपों का जीवन बच चुका है और कई लोगों को संभावित हादसों से भी राहत मिली है।

अमर सिंह राजपूत ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में उनकी टीम 5 हजार से अधिक सांपों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें प्राकृतिक आवास में छोड़ चुकी है। शुरुआत उन्होंने अकेले की थी, लेकिन समय के साथ उनकी मुहिम से कई युवा जुड़े। वर्तमान में दीपक लोधी और विश्वनाथ सिंह घोष सहित अन्य सदस्य नियमित रूप से सांप रेस्क्यू अभियान में सहयोग कर रहे हैं।

सेन समाज ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर मांगा न्याय

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

जिले में एक नाबालिग छात्रा के साथ गांव के तीन युवकों ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। यह घटना उस समय घटित हुई जब उक्त छात्रा अपने विद्यालय से पढ़ाई कर अपने घर लौट रही थी। घटना के संबंध में नाबालिग छात्रा ने उक्त बात अपने परिजनों को बताई जिसके बाद पीड़िता अपने माता-पिता के साथ देहात थाना रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंची, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई और उन्हें वापस भेज दिया गया। इसके पश्चात् छात्रा व उसके परिजन सेन समाज के वरिष्ठजनों के साथ एसपी कार्यालय लिखित आवेदन देने पहुंचे और आरोपियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की।

घटना की जानकारी अनुसार कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रा गत 10 जुलाई को शाम करीब 4 बजे मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल बड़ौरा घाट से साइकिल से अपने घर लौट रही थी। तभी उसके साथ छेड़छाड़ की घटना घटित हुई ।

नहीं किया जाएगा अनाधिकृत उर्वरकों का उपयोग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में उर्वरको की अवैध विक्रय अनाधिकृत भंडारण, कालाबाजारी तथा नकली, मिलावटी उर्वको के निर्माण की संभावना अनुदानित उर्वरकों यूरिया आदि का अनाधिकृत औद्योगिक उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू गई है।

अब प्रशासन खाद को लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों हो चुकी है।

बुलडोजर कार्यवाही और ईडी के खिलाफ भड़के सपा कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज
पलेरा।

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन किया। राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही कार्रवाइयों के विरोध में कार्यकर्ता आक्रोशित होकर अर्धनग्न अवस्था में सड़कों पर उतरे और राज्यपाल के नाम पलेरा तहसीलदार को 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पलेरा तहसीलदार द्वारा राजनीतिक दबाव में आकर गौचर भूमि पर बसे अहिरवार और मुस्लिम समाज के गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जा रही है, जिसे तुरंत रोका जाए।

इसके साथ ही, पूर्व सपा विधायक दीपनारायण सिंह यादव के खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र के तहत की जा रही ईडी की कार्रवाई पर भी तत्काल रोक लगाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई।

हितग्राहियों को मिले समय पर खाद्यान्न

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा। बिना कारण राशन देने से मना करना, कम तौल देना, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेना, राशन की कालाबाजारी करना या किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर राशन निकालना नियमों का उल्लंघन माना जाता है। राशन वितरण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए और हितग्राही को लेन-देन की रसीद उपलब्ध कराए।

नालियों में खूब पनप रहा मलेरिया

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है।लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

समस्या | **पीएचई की लापवारवाही, दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर**

पीने योग्य पानी के जल स्त्रोतो में नहीं डलवाई दवा, बीमारियों का खतरा

नवभारत न्यूज
मोहनगढ़।

क्षेत्र में बरसात का मौसम शुरू होने के बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की समय पर सफाई और कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव नहीं होने से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। मोहनगढ़ के बिंदारी खास, राजनगर, बरेठी, मोहनगढ़, कुंवरपुरा, एकबालपुरा आदि गावों में अभी तक जल स्त्रोतों में कीटनाशक दवा नहीं डलवाई गई जिससे ग्रामीण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ हैं इससे जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में लगे हैंडपंप, कुएं, टंकियां तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों में अब तक विभाग द्वारा ब्लीचिंग पाउडर अथवा अन्य कीटाणुनाशक दवाओं का उपयोग नहीं किया गया है। बरसात के कारण गंदगी और दूषित पानी पेयजल स्त्रोतों तक पहुंच रहा है, जिससे पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पेयजल स्त्रोतों का शुद्धिकरण नहीं कराया गया तो डायरिया, टाइफाइड, हैजा और अन्य जलजनित रोग फैल सकते हैं, जिससे आमजन विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बरसात के मौसम में पेयजल स्त्रोतों की नियमित सफाई, क्लोरीनीकरण और कीटाणु नाशक दवा का उपयोग अत्यंत आवश्यक होता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पीएचई विभाग से मांग की है कि क्षेत्र के सभी पेयजल स्त्रोतों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए, आवश्यक मात्रा में कीटाणुनाशक दवा डलवाई जाए तथा नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता की जांच कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री जतारा से बात की गई तो उनका कहना है की जल स्त्रोतों में कीटनाशक दवाई डाले जाने का अभियान जारी है यदि मोहनगढ़ क्षेत्र में कुछ गांव कीटनाशक दवाई डाले जाने कों शेष रह गए तो में पता करती हूँ।

शासकीय जमीन पर हुआ अतिक्रमण, कार्यवाही के अभाव में बढ़े अतिक्रमणकारियों के हौसले

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। लिधौरा तहसील अंतर्गत आने वाले गांव पैतपुरा में स्थानीय लोगों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कर लिया है। अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। जिससे अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है।

लोगों का कहना है कि हल्का पटवारी को इसकी जानकारी होने के बावजूद कब्जा नहीं हटवाया जा रहा है। दरअसल, शासन स्तर से सरकारी जमीन पर जमे अतिक्रमणकारियों पर लगातार जेसीबी मशीन चलाकर अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया जा रहा है, लेकिन यहां लिधौरा तहसील गांव पैतपुरा में हल्का पटवारी के ध्यान न देने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद किए हुए हैं। पैतपुरा हल्का स्थित सरकारी जमीन है, जिस पर अतिक्रमणकारी लंबे समय से कब्जा किए हुए हैं।

आपको बताएं कि लिधौरा तहसील अंतर्गत आने वाले गांव पैतपुरा में कुछ स्थानीय लोगों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण कर लिया है।